कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री चन्द्र प्रकाश शर्मा निवासी 30 बेसमेन्ट, फर्स्ट टावर, पिंकी होटल के पास, दौसा–303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 57/2024

निर्णय

दिनांक 23.10.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2024/3388 दिनांक 10.10.2024 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकः आर.टी.आई./2024/695 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय के पत्र कमांकः 637 दिनांक 17.9.2024 के द्वारा आवेदक को उपलब्ध करा दी गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.01.08 12:36:28 IST
Reason: SelfAttested